आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 05.11.2026 समय: 18:30 पीएम

- प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के तीसरे चरण में आज 27 ज़िलों में 3 हजार 700 से अधिक सरपंच और 34 हजार 200 से ज्यादा वार्ड पंच पदों के लिए वोट डाले गये।
- केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव आज जयपुर दौरे पर रहे-विपक्ष पर एस.आई.आर. को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलों को व्यक्तित्व तथा राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताया।
- सुख-समृद्धि और रोशनी का पर्व दीपोत्सव कल से-पुलिस प्रशासन की सावधानी के साथ सुरक्षित दीपावली मनाने की अपील।

000

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के तीसरे चरण में आज 27 जिलों की ग्राम पंचायतों में पंच और सरपंच पदों के लिए मतदान हुआ। इस चरण में 3 हजार 716 सरपंच और 34 हजार 218 वार्ड पंच के पदों के लिए वोट डाले गये। शाम 6 बजे मतदान समाप्ति के बाद अब मतगणना शुरू हो रही है तथा देर रात तक नतीजे जारी किये जाएंगे। ताजा जानकारी के अनुसार लगभग 74 प्रतिशत मतदान दर्ज होने का अनुमान है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार दोपहर 3 बजे तक 63 दशमलव छह एक फीसदी वोट डाले गये। लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। हालांकि कुछ जगह सरपंच प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच विवाद और हंगामे की घटनाएं भी सामने आईं। दूसरी ओर मतदान पर्व में भागीदारी के लिए उम्र आड़े नहीं आई। युवाओं के अलावा शतायु मतदाताओं ने भी पोलिंग बूथ पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नवमतदाताओं ने वोट डालकर सेल्फी प्वांइट पर तस्वीर लेकर अपनी खुशी जाहिर की। मतदान के दौरान कई बूथों पर सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी कतारें देखने को मिलीं। विभिन्न स्थानों पर जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

000

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज जयपुर दौरे पर रहे। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के तहत जनसभा में हिस्सा लिया। उन्होंने प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित किया। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके निवास पर मुलाकात कर राज्य में रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण पर चर्चा की। श्री वैष्णव के दौरे पर और ब्यौरा दे रही हैं समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी सालेहा ग़ाज़ी -

000

केन्द्र सरकार ने विकसित भारत रोजगार आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण-वीबी जी राम जी अधिनियम, 2025 के तहत सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया है। विभिन्न योजनाओं के समन्वय से चारा सुरक्षा, चारागाह विकास और मवेशियों से जुड़े बुनियादी ढांचागत विकास को मजबूती देने के लिए ये परामर्श जारी किया गया

ह। इसमें वीबी जी रामजी ढांचे के तहत 375 कार्यों की सूची में से 22 प्रासंगिक कामों की पहचान की गई ह। ये परामर्श ग्रामीण विकास विभाग तथा पशु पालन और डेयरी विभाग की ओर से संयुक्त रूप से जारी किया गया ह।

000

राज्य सरकार ने जोजरी, बांडी और लूनी नदी बहाव क्षेत्र में बजरी के अवै खनन, परिवहन और भण्डारण पर रोक लगाने के लिए छह टास्क फोर्स गठित की हैं। खान और पेट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोरा ने बताया कि ये टास्क फोर्स सिरोही, सोजत सिटी, जालौर, बाड़मेर, जोधपुर और गोटन में अवै बजरी खनन तथा खान पट्टा धारकों की पर्यावरण स्वीकृतियों सहित अन्य बिंदुओं की जांच और निगरानी करेगी। उन्होंने बताया कि ये फोर्स नियमित जांच कर कार्रवाई और उसकी रिपोर्ट भी पेश करेगी। इस टास्क फोर्स में खनिज अभियंता, भू-वैज्ञानिक और सर्वेयर स्तर के अधिकारियों को शामिल किया गया ह।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलों को व्यक्तित्व तथा राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताया ह। श्री मोदी आज नई दिल्ली में एशियाई पैरा गेम्स 2026 के भारतीय दल से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को हार कर जीतना सिखाते हैं। साथ ही अनुशासन और टीम स्प्रिट की भावना को बढ़ावा देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में खेलों के लिए बेहतरीन ईको-सिस्टम तैयार करने पर काम कर ही ह।

---

कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया भी मौजूद रहे। इसके अलावा कोच, भारतीय पैरालंपिक समिति और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल संघों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जापान में हुए एशियन पैरा खेलों में भारत ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य पदक सहित कुल 114 मेडल जीते।

000

डूंगरपुर के सोमकमला आम्बा बांध से किसानों को सिंचाई के लिए पानी 18 नवम्बर से मिलेगा। 30 मार्च तक 112 दिन जलापूर्ति की जाएगी। उदयपुर संभागीय आयुक्त खजान सिंह ने आज ये जानकारी दी। डूंगरपुर जिला परिषद् सभागार में जल वितरण समिति की बैठक में ये निर्णय लिया गया। श्री सिंह ने बताया कि पानी छोड़ने की प्रक्रिया चार चरणों में होगी।

000

सुख-समृद्धि और रोशनी के पर्व दीपोत्सव की शुरूआत कल से हो रही ह। इस बार दीपोत्सव छह दिन मनाया जाएगा। धनतेरस के साथ इसका शुभारंभ होगा। इसके बाद रूप चतुर्दशी और छोटी दीपावली मनाई जाएगी। दीपावली पर्व कार्तिक अमावस्या को होगा। दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा और अन्नकूट उत्सव होगा। भाई-दूज पर्व के साथ दीपोत्सव समापन होगा। राजधानी जयपुर सहित प्रदेशभर में दीपावली की रंगत देखते ही बन रही ह। व्यवसायिक प्रतिष्ठान, बाजार, सार्वजनिक स्थल और ऐतिहासिक इमारतें आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग हैं। विभिन्न स्थानों पर आकर्षक द्वार, धार्मिक झांकियां और कलात्मक साज-सज्जा की गई ह। रोशनी के इस

त्योहार की पूर्व संध्या पर बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही ह लोग मिठाई, मेवे, पूजा सामग्री, वस्त्र, सजावटी सामान और पटाखों की खरीदारी कर रहे हैं। दीपोत्सव को सावधानी के साथ सुरक्षित रूप में मनाने की भी अपील की जा रही हऔर ब्यौरा समाचार कक्ष से -

000

जयपुर में कल राज्य स्तरीय ई-वेस्ट कलेक्शन कार्यशाला और संग्रहण अभियान आयोजित किया जाएगा। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से राजस्थान इंटरनेशल सेंटर में ये कार्यक्रम होगा।

000